Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

बहुविकल्पी प्रश्न

1. भूमध्यसागरीय जलवायु में कौनसा क्षेत्र सम्मिलित नहीं हैं ?

(अ) मध्य चिली (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) केलिफोर्निया (द) दक्षिणी जापान

2. यूरोप ने सन् 1550 से सन् 1850 के दौरान किस तरह का अनुभव किया है?

(अ) दीर्घ शुष्क काल (ब) लघु हिम युग
(स) अति ग्रीष्म काल (द) दीर्घ आर्द्र काल

3. भूवैज्ञानिक काल के कैंब्रियन, आर्डोविसियन तथा सिल्युरियन युगों में पृथ्वी कैसी थी?

(अ) हिम या अति शीतल (ब) शीतल
(स) अति उष्ण (द) गर्म

4. कोपेन द्वारा ET कूट अक्षर किस तरह के जलवायु को व्यक्त करता है-

(अ) उष्ण कटिबंधीय आद्र (ब) आर्द्र महाद्वीपीय
(स) टुंड्रा (द) भूमध्य सागरीय

5. क्योटो प्रोटोकॉल की उद्घोषणा कब की गई ?

(अ) 1978 (ब) 1973
(स) 1979 (द) 1977

6. कोपेन द्वारा BSh कूट अक्षर किस तरह के जलवायु को व्यक्त करता है-

(अ) उपोष्ण कटिबंधीय स्टैपी (ब) भूमध्य सागरीय
(स) मानसूनी (द) मध्य अंक्षाशीय स्टैपी

7. कोपेन ने शुष्क जलवायु को किससे निरुपित किया ?

(अ) C (ब) E
(स) B (द) A

8. कोपेन के अनुसार उष्ण कटिबंधीय जलवायु का औसत तापमान कितना है?

(अ) 20 सेल्सियस से अधिक (ब) 18 सेल्सियस से अधिक
(स) 10 सेल्सियस से कम (द) 40 सेल्सियस से अधिक

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

9. कोपेन ने आर्द्र जलवायु को कौन कौन से संकेताक्षरो से प्रस्तुत किया ?

(अ) A, B, C, D
(ब) A, B
(स) A, B, C
(द) A, C, D और E

10. निम्न में से कौनसी गैस ग्रीन हाउस गैस नहीं है?

(अ) कार्बन डाइऑक्साइड
(ब) मीथेन
(स) ऑक्सीजन
(द) क्लोरो-फोरोकार्बन्स

रिक्त स्थान

11. सन् _____ 20वीं शताब्दी का सबसे गर्म वर्ष था।

12. पृथ्वी धरातल के निकट हवा का औसत वार्षिक तापमान _____ है।

सत्य/असत्य

13. Dw जलवायु में ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है।

14. Cs जलवायु क्षेत्रों में शीत ऋतु शुष्क रहती है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. कोपेन ने जलवायु को कितने समूहो में निर्धारित किया है?

16. आर्द्र उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु (Cwa) के बारे में बताएँ।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु (Cfb) किन क्षेत्रों में पाई जाती है, इस तरह की जलवायु की विशेषताएँ भी बतलाएँ।

18. A एवं B प्रकार की जलवायुओं की जलवायविक दशाओं की तुलना करें।

निबंधात्मक प्रश्न

19. ध्रुवीय जलवायु (E) के बारे में व्याख्या करें।

20. शीत हिम-वन जलवायु (D) के बारे में व्याख्या करें।

HOTS

21. सौर कलंको में वृद्धि होने पर किस प्रकार की जलवायविक दशाएँ प्रचलित होंगी?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

1. **(द)**
दक्षिणी जापान आर्द्र उपोष्ण जलवायु का क्षेत्र हैं।

2. **(ब)**
यूरोप ने सन् 1550 से सन् 1850 के दौरान लघु हिम युग का अनुभव किया।

3. **(द)**
भूवैज्ञानिक महाकल्प पृथ्वी के प्राकृतिक भूवैज्ञानिक इतिहास का एक भाग होता है। तथा भूवैज्ञानिक काल के कैंब्रियन, आर्डोविसियन तथा सिल्युरियन युगों में पृथ्वी की जलवायु गर्म प्रकार की थी।

4. **(स)**
कोपेन द्वारा ET कूट अक्षर टुंड्रा जलवायु को व्यक्त करता है।

5. **(द)**
क्योटो प्रोटोकॉल की उद्घोषणा 1977 में की गई।

6. **(अ)**
कोपेन द्वारा Bsh कूट अक्षर उपोष्ण कटिबंधीय स्टैपी जलवायु को व्यक्त करता है।

7. **(स)**
कोपेन ने शुष्क जलवायु को B अक्षर से निरुपित किया।

8. **(ब)**
कोपेन के अनुसार उष्ण कटिबंधीय जलवायु का औसत तापमान 18 सेल्सियस से अधिक है।

9. **(द)**
कोपेन ने आर्द्र जलवायु को A, C, D और E संकेताक्षरो से प्रस्तुत किया।

10. **(स)**
ऑक्सीजन

11. 1998

12. 14°C

13. असत्य

14. असत्य

15. कोपेन ने अपने जलवायु के वर्गीकरण में वनस्पति के वितरण और जलवायु के बीच एक घनिष्ठ संबंध स्थापित किया है। इसका वर्गीकरण मुख्यतः तापमान एवं वर्षण के वार्षिक एवं मासिक मध्यमान पर आधारित है। कोपेन ने जलवायु को पाँच समूहों में निर्धारित किया है, जिनमें से चार तापमान पर और एक वर्षण पर आधारित है।

16. आर्द्र उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु कर्क एवं मकर रेखा से ध्रुवों की ओर मुख्यतः भारत के उत्तरी मैदान और दक्षिणी चीन के आंतरिक मैदानों में पाई जाती है। यह जलवायु Aw जलवायु जैसी ही है, केवल इतना अपवाद है कि इसमें सर्दियों का तापमान कोष्ण होता है। यहां प्रत्येक महीने का तापमान 18° सेण्टीग्रेड से अधिक रहता है। यहां वर्ष के अधिकांश भाग में वर्षा होती है।

17. समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु महाद्वीपों के पश्चिमी तटों पर भूमध्यसागरीय जलवायु से ध्रुवों की ओर पाई जाती है। इस जलवायु का प्रमुख क्षेत्र है-उत्तर-पश्चिमी यूरोप, उत्तरी अमेरिका का पश्चिमी तट, उत्तरी केलिफोर्निया, दक्षिण चिली, दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड। इस तरह की जलवायु की विशेषताएँ निम्नलिखित है :-

1. यहाँ समुद्री प्रभाव के कारण तापमान मध्यम होते हैं और शीत ऋतु में अपने अक्षांशों की तुलना में कोष्ण होते हैं।
2. गर्मी के महीनों में औसत तापमान 15° से 20° सेल्सियस और सर्दियों में 40° से 10° सेल्सियस के बीच रहता है।
3. वार्षिक और दैनिक तापांतर कम पाया जाता है।
4. वर्षण साल भर होता है लेकिन यह सर्दियों में अधिक होता है। वर्षण 50 से.मी. से 250 से.मी. के बीच घटता बढ़ता रहता है।
5. पोर्टलैंड पश्चिम समुद्री तटीय जलवायु क्षेत्र में पड़ता है जहां गर्म, शुष्क गर्मियां और बरसातें किन्तु समशीतोष्ण सर्दियां होती हैं

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

18. A उष्ण कटिबंधीय जलवायु और B शुष्क जलवायु में अंतर-

A उष्ण कटिबंधीय जलवायु :

1. प्रकार की जलवायु 0° अक्षांश के आसपास के क्षेत्रों तथा कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच पाई जाती है।
2. प्रकार की जलवायु में वर्षा अधिक होती है
3. प्रकार की जलवायु में वार्षिक तापान्तर कम होता है
4. प्रकार की जलवायु में जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय सदाहरित वन पाए जाते हैं।

B शुष्क जलवायु :

1. प्रकार की जलवायु 15° से 60° उत्तर व दक्षिण अक्षांशों के बीच विस्तृत है तथा 15° से 30° के निम्न अक्षांशों में यह उपोष्ण कटिबंधीय उच्च वायुदाब क्षेत्र में पाई जाती है।
2. प्रकार की जलवायु में वर्षा कम होती है।
3. प्रकार की जलवायु में वार्षिक तापान्तर अधिक होता है।
4. प्रकार की जलवायु में कटीले वन पाए जाते हैं।

19. ध्रुवीय जलवायु 70° अक्षांश से परे ध्रुवों की ओर पाई जाती है। ध्रुवीय जलवायु का प्रत्येक महीने का औसत ताप 10° सेण्टीग्रेड से कम रहता है। ध्रुवीय जलवायु दो प्रकार की होती है-

i. **टुण्ड्रा जलवायु (ET)-** टुण्ड्रा जलवायु का नाम काई, लाइकान तथा पुष्पी पादप जैसे छोटे वनस्पति प्रकारों के आधार पर रखा गया है। यह स्थायी तुषार का प्रदेश है, जिसमें अधोभूमि स्थायी रूप से जमी रहती है। लघुवर्धन काल और जलाक्रांति, छोटी वनस्पति का ही पोषण कर पाते हैं। ग्रीष्म ऋतु में टुण्ड्रा प्रदेशों में दिन के प्रकाश की अवधि लंबी होती है।

ii. **हिमटोप जलवायु (EF)-** हिमटोप जलवायु ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के आंतरिक भागों में पाई जाती है। गर्मियों में भी तापमान हिमांक से नीचे रहता है। इस क्षेत्र में वर्षा थोड़ी मात्रा में होती है। तुषार एवं हिम एकत्रित हो जाते हैं, जिनका बढ़ता हुआ दबाव हिम परतों को विकृत कर देता है। हिम परतों के ये टुकड़े आर्कटिक एवं अंटार्कटिक जल से खिसक कर प्लावी हिम शैलों के रूप में तैरने लगते हैं। अंटार्कटिक में 79° दक्षिण अक्षांश पर 'प्लेट्यू स्टेशन' पर भी यही जलवायु पाई जाती है।

20. शीत हिम-वन जलवायु उत्तरी गोलार्ध में 40° से 70° अक्षांशों के बीच यूरोप, एशिया और उत्तर अमेरिका के विस्तृत महाद्वीपीय क्षेत्रों में पाई जाती है। शीत हिम-वन जलवायु को दो प्रकारों में विभक्त किया जाता है।

i. आर्द्र जाड़ों से युक्त ठंडी जलवायु (Df)- आर्द्र जाड़ों से युक्त ठंडी जलवायु समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु और मध्य अक्षांशीय स्टैपी जलवायु से ध्रुवों की ओर पाई जाती है। जाड़े ठंडे और बर्फीले होते हैं। तुषार मुक्त ऋतु छोटी होती है। वार्षिक तापांतर अधिक होता है। मौसमी परिवर्तन आकस्मिक और अल्पकालिक होते हैं। ध्रुवों की ओर सर्दियाँ अधिक उग्र होती हैं।

ii. शुष्क जाड़ों से युक्त ठंडी जलवायु (DW)- शुष्क जाड़ों से युक्त ठंडी जलवायु मुख्यतः उत्तर-पूर्वी एशिया में पाई जाती है। जाड़ों में प्रतिचक्रवात का स्पष्ट विकास तथा ग्रीष्म ऋतु में उसका कमजोर पड़ना इस क्षेत्र में पवनों के प्रत्यार्वन की मानसून जैसी दशाएँ उत्पन्न करते हैं। ध्रुवों की ओर गर्मियों में तापमान कम होता है और जाड़ों में तापमान अत्यंत न्यून होता है। कुछ स्थान तो ऐसे भी हैं, जहाँ वर्ष के सात महीने तक तापमान हिमांक बिंदु से कम रहता है। वार्षिक वर्षा कम होती है जो 12 से 15 सेमी. के बीच होती है।

21. 'सौर कलंक' ये सूर्य पर काले धब्बे होते हैं जो एक चक्रीय क्रम में घटते-बढ़ते रहते हैं। कुछ मौसम वैज्ञानिकों के अंतर्गत, जब सौर कंलको की संख्या बढ़ती है तो मौसम ठंडा तथा आर्द्र हो जाता है और तूफानों की संख्या भी बढ़ जाती है। सौर कलंको की संख्या घटने के साथ ही उष्ण और शुष्क दशाएँ पैदा होती हैं यद्यपि ये खोजें आँकड़ों की दृष्टि से आवश्यक नहीं हैं।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES